प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 21.01.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. केन्द्रोय मंत्रिमंडल की बैठक में अटल पेंशन याजना को वर्ष 2030–31 तक जारी रखने को मिली मंजूरी : भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक में पांच हजार करोड़ रुपये डालने का भी निर्णय।
2. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज लखनऊ में 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के समापन सत्र को किया संबोधित : लोकतांत्रिक संस्थाओं को जवाबदेह, पारदर्शी और जन केन्द्रित बनाने पर दिया जोर।
3. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह उत्तर प्रदेश दिवस के मुख्य आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि होंगे शामिल : 24 से 26 जनवरी तक लखनऊ में होंगे विविध कार्यक्रम।

और

4. प्रदेश में कई स्थानों पर कल से तीन दिनों के दौरान गरज चमक के साथ बारिश की संभावना : मौसम विभाग ने कुछ जिलों में ओलावृष्टि की जताई आशंका।

———————————

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आज अटल पेंशन योजना को 2030–31 तक जारी रखने के साथ ही प्रचार और विकासात्मक गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। इस योजना के अंतर्गत अब तक आठ

करोड़ 66 लाख से अधिक लाभार्थी पंजीकृत हो चुके हैं। एक रिपोर्ट.....

*आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल बैठक में यह लिया गया। यह योजना मई 2015 में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को वृद्धावस्था में आय सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। यह योजना 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद प्रति माह एक हजार से पांच हजार रुपये तक की न्यूनतम गारंटीकृत पेंशन प्रदान करती है, यह लाभार्थी के योगदान पर निर्भर करती है। सरकार ने लघु उद्योग विकास बैंक दृ एसआईडीबीआई को पांच हजार करोड़ रुपये की पूंजीगत सहायता राशि स्वीकृत की है। इससे, 25 लाख 74 हजार से अधिक सूक्ष्म और लघु उद्योगो से जुड़े लाभार्थियों को फायदा मिलने की आशा है। अंकित और दीपेन्द्र की रिपोर्ट के साथ मैं जागृति शर्मा।*

———————————

लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का आज समापन हो गया। सम्मेलन के दौरान कुल 6 महत्वपूर्ण संकल्प पारित किये गये। समापन सत्र को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्बोधित किया। समापन सत्र में लोकसभा अध्यक्ष ने लोकतांत्रिक संस्थाओं को अधिक प्रभावी, जवाबदेह, पारदर्शी तथा जन आकांक्षाओं के अनुरूप बनाने का आह्वान किया। श्री बिरला ने कहा कि राज्य विधानमंडलों में न्यूनतम 30 दिन सदन की बैठके हो जहां सकारात्मक चर्चा के बीच राज्य के विकास के लिये अनुकूल वातावरण बने। बाइट......

*विधानसभाएं 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति करें। इसके लिए सभी विधान मंडलों के अंदर अपने राज्य के विकास 2047 और देश के विकास 2047 में चर्चा हो ऐसा हमने संकल्प लिया है। राज्य के विधान मंडलों में कम से कम न्यूनतम 30 दिन की बैठकें हो। इसके लिए सभी राज्य विधानमंडल के अध्यक्ष और सहमति दी, ताकि हम रचनात्मक और प्रवाही रूप से इन लोकतांत्रिक संस्थाओं को जनता के प्रति उत्तरदायी बना सके।*

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधायी संस्थाओं को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिये प्रौद्योगिकी और एआई का उपयोग आवश्यक है। उन्होंने सदनों में बार—बार होने वाले गतिरोध पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सदन का प्रत्येक क्षण बहुमूल्य होता है, सदन चर्चा और संवाद के लिय होता है न कि गतिरोध के लिये। बाइट......

*विधायक कार्यो में प्रौद्योगिकी का और एआई का उपयोग करते हुए जिससे कि जनता विधायकों का भी संपर्क स्थापित हो सके, सार्थक सहभागी हो सके। टेक्नोलॉजी का उपयोग करते समय हमने यह आग्रह किया है कि सावधानी पूर्वक जवाबदेही भी हो और विशेषज्ञता भी हो और उसमें नैतिकता भी हो।*

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकतंत्र की आधारभूत ईकाई के रूप में विधायिका संविधान के संरक्षक के रूप में अपनी भूमिका का बेहतर तरीके से निर्वाह कर रही है। यह न केवल विधाई कार्यो की रूपरेखा तैयार करती है बल्कि यह देश के समग्र विकास योजना के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में लोकतंत्र की संस्था बहुत मजबूत है, जो विश्व के लिए प्रेरणा है। बाइट......

*लोकतंत्र की आधारभूत इकाई है हमारी विधायिका भारत के संविधान के संरक्षक के रूप में यह अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए देश के अंदर न केवल विधाई कार्यों के लिए एक रूपरेखा तैयार करती है बल्कि समग्र विकास की भी कार्य योजना का एक महत्वपूर्ण मंच होता है और उसके लक्ष्य क्या है? इस संविधान के तीन शब्द भारतीय लोकतंत्र की आत्मा की रूप में काम करते हैं, न्याय, समता और बंधुता।*

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी समापन सत्र को संबोधित किया। तीन दिवसीय सम्मेलन के दौरान आयोजित अलग–अलग सत्रों में विधायी प्रक्रियाओं में तकनीक का उपयोग तथा जनता के प्रति विधायिका की जवाबदेही जैसी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

————————————

लखनऊ के राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर 24 से 26 जनवरी तक उत्तर पदेश दिवस का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन में प्रदेश की संस्कृति, शिल्प, व्यंजन और विकास यात्रा को जनभागीदारी के माध्यम से एक ही मंच पर प्रस्तुत किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केन्दोय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शामिल होंगे। एक रिपोर्ट.....

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज उत्तर प्रदेश दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं बल्कि प्रदेश की पहचान, उपलब्धियों को जन सहयोग के साथ प्रदर्शित करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि समारोह में विकसित भारत–विकसित उत्तर पदेश की थीम पर आधारित विशेष प्रदर्शनी और शिल्प मेले में प्रदेश की*

*विकास यात्रा, नवाचार, बुनियादी ढांचे, उद्योग, कृषि, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक जनपद–एक व्यंजन आयोजन का प्रमुख आकर्षण होगा, जहां हर जिले के स्वाद से समारोह में आने वाले लोगों को परिचित कराया जायेगा। समाचार कक्ष से सुशील चन्द्र तिवारी।*

————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

————————

**प्रदेश के राजभवन का नाम बदलकर अब जन– भवन नाम दिया गया है। गृह मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा राज्यपाल के आधिकारिक आवासों के नामकरण के मानकीकरण के संबंध में निर्गत निर्देशों के अनुपालन में प्रदेश के राज्यपाल के आधिकारिक आवास के नाम में परिवर्तन किया गया है।**

————————

**उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने वर्ष 2026 में आयोजित होने वाली विभिन्न परीक्षाओं का परीक्षा कैलेंडर**

जारी कर दिया है। जारी कैलेंडर के मुताबिक, सहायक प्रोफेसर की परीक्षा 18 और 19 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। वहीं पीजीटी भर्ती की परीक्षा 09 और 10 मई को होगी।

———————————

प्रयागराज  में आज दो सीटों वाला एक छोटा विमान तालाब में गिर गया। यह दुर्घटना जिले के के.पी. कॉलेज के पीछे स्थित तालाब में हुई। तालाब में पानी होने के कारण दुर्घटना के बाद विमान में आग नहीं लगी वंही दुर्घटना से ठीक पहले दोनों पायलटों ने पैराशूट खोलकर तालाब में छलांग लगा दी। स्थानीय निवासियों और कॉलेज क छात्रों ने पायलटों को तालाब से बाहर निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया है जंहा उनकी हालत स्थिर बतायी गयी है।

———————————

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की आज लखनऊ में आयोजित बैठक में समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं पर चर्चा हुई। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता चौहान ने बताया कि बैठक में महिलाओं के कल्याण से जुड़ी विभागीय योजनाओं की प्रगति और उनके क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बाइट......

*महिला सशक्तिकरण के लिए हम निरंतर काम करता जा रहा है महिला आयोग उसमें हम और क्या अच्छा कर सकते हैं, यह हमारी पूरी कोशिश*

*रहती है। जिस दिन हमारी मीटिंग होती है तो हम किसी ना किसी विभाग से जो हमसे संबंधित है, वहां से किन अधिकारियों को बुलाते हैं। तो उनके विभाग की जो भी ऐसी योजनाएं हैं या केंद्र सरकार की योजनाएं, उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाएं कि जिनके बारे में हम महिलाओं को ज्यादा बेनिफिट दे सकते हैं या उनको बता सकते हैं, समझा सकते हैं।*

————————————

**ठंड और कोहरे के बीच मौसम विभाग ने प्रदेश में बारिश की संभावना जतायी है। विभाग के मुताबिक 22 और 24 जनवरी के दौरान आने वाले दो पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव से गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। इसकी शुरूआत कल पश्चिमी उत्तर प्रदेश से हल्की बारिश के साथ होगी। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश सहित कुछ स्थानों पर 23 और 24 को गरज चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने 23 जनवरी को कुछ जिलों में ओलावृष्टि की भी चेतावनी जारी की है।**

**(समाप्त)**